हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 'सांस थमी तो कोरे कागज पर लिया अंगूठा'



10 जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा की...



## खबर संक्षेप

### ज्ञानरत्न एकेडमी में लगा टेस्टिंग मेला

**सिवनी मालवा।** श्री ज्ञानरत्न एकेडमी में बाल दिवस के अवसर पर "फन का टेस्टिंग मेला" बड़े उत्साह और उत्सवपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। इस विशेष मेले में बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सीख और मस्ती का अनोखा संगम महसूस किया। मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना था, जिसके तहत नृत्य, प्रतियोगिताएं, रचनात्मक गतिविधियाँ और स्वादिष्ट स्टॉलों का आयोजन किया गया। प्राचार्य रीना लुईस ने इस मेले को बच्चों में प्रेम, सुरक्षा, समानता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

### जिला स्वास्थ्य टीम की समीक्षा बैठक संपन्न

**सिवनीमालवा।** सिवनीमालवा में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी, एएसओ ओ.पी. तुमराम, डीसीएम शैलेन्द्र शुक्ला, बीएमओ डॉ. शेखर रघुवंशी, बीईई, बीपीएम, और बीसीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं फील्ड स्टाफ सीएचओ, एएनएम और सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 का हुआ समापन, किया पुरस्कार वितरण

# युवा प्रतिभाओं के कौशल का गवाह बना पीएम श्री नर्मदा कॉलेज का ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन शनिवार को शहर के पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। आयोजन में नर्मदापुरम संभाग की युवा प्रतिभाओं ने सात विधाओं में अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिसकी संभाग स्तरीय कड़ी शनिवार को संपन्न हुई। ये प्रतियोगिताएं 'सांस्कृतिक और नवाचार थीम' पर संभाग स्तर का आयोजित की गईं। कार्यक्रम में कविता लेखन में वैशाली नरवरे प्रथम, शेजल पंथी द्वितीय व धर्मेंद्र कटारे तृतीय रहे। पेंटिंग में जियांश प्रजापति प्रथम, अभिषेक सोनी द्वितीय रहे।

शनिवार को शहर के पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय ऑडिटोरियम में संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया।



#### ये रहे प्रतिभागी

आयोजन में नर्मदापुरम् संभाग के रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम् तथा बैतूल के 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। संभाग स्तरीय युवा उत्सव में सात विधाओं भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य, विज्ञान मेला में प्रतियोगिता की गई। संभाग स्तर पर निर्णायकों ओमप्रकाश शर्मा, अशोक सोनी, आनंद नामदेव, याशिका शर्मा, शालिनी शर्मा, शिखा साहू, रेखा कापसे, चरण सिंह राजपूत, रिचा पालीवाल, अंजू गौर, सौरभ यादव 'सूर्य' तथा अमित बिल्लौरे 'अमृत' सोहागपुर ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा ने किया। संयोजन महेंद्र पचलानिया का रहा। समन्वयकगण देवेंद्र उरहा, रोशनी ठाकुर, जयसिंह भदौरिया, पवन वर्मा, नारायण बावरिया, प्रीतम पुरवइया, चंदा मिश्रा, सुषमा अहिरवार, उपासना ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

#### अब भोपाल में प्रदर्शन



नर्मदापुरम जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार युवा उत्सव का आयोजन 15 नवंबर 2025 को पीएम श्री नर्मदा कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया। वहीं समापन में पुरस्कार वितरण डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर तथा विधायक प्रतिनिधि रमेश उपरारिया द्वारा किया गया। जानकारी अनुसार संभाग स्तर पर चयनित प्रतिभाएं अब 16 नवंबर 25 को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता करेंगीं। यह आयोजन टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में होगा। जिसमें संभाग प्रभारी आरती शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभागियों का समूह रवाना होगा। ये सभी 17 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागी होंगे।

## जिले के 3 इंस्पेक्टर बदले गए माखननगर टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पुलिस विभाग में शुक्रवार को तीन इंस्पेक्टर्स के तबादले हुए। जिनमें माखननगर थाना प्रभारी कार्यवाहक निरीक्षक मदनलाल पवार को पुलिस लाइन (रक्षित केंद्र) नर्मदापुरम भेजा गया। उनकी जगह निरीक्षक अनूप कुमार उइके माखननगर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। अनूप कुमार उइके वर्तमान में पचमढ़ी थाना प्रभारी हैं। निरीक्षक पदम सिंह मौर्य को पचमढ़ी थाने की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक पदम सिंह साइबर सेल और सीसीटीएनएस के प्रभारी थे। माखननगर थाना टीआई मदनलाल पवार का 10 दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वे एक बदमाश समीर खान उर्फ पिद्दा और विष्णु कहार की थर्ड डिग्री पिटाई कर रहे थे। राजोन गांव के जीतू उर्फ जगदीश कीर को समीर खान उर्फ पिद्दा और विष्णु कहार ने धमकाया था। उसके घर पर 8-10 बदमाशों को लेकर वो मारने के लिए पहुंचा था। जीतू कीर ने इसकी शिकायत माखन नगर थाने में की थी। इसके बाद थाना प्रभारी मदन लाल पवार ने बदमाश पिद्दा और विष्णु कहार को थाने लाकर जमकर पिटाई की।

पिटाई के दौरान मौजूद एक व्यक्ति ने थाना प्रभारी का वीडियो बना लिया। उस वीडियो को 10 दिन बाद सोशल मीडिया पर वायरल किया। मामला उजागर होने पर एसपी साईं कृष्णा थोटा ने एसडीओपी इटारसी को जांच सौंपी थी। इस बीच माखननगर थाने के आरक्षक अर्जुन को बनखेड़ी भेजा गया। आरक्षक के बनखेड़ी भेजने की मूल वजह स्पष्ट नहीं हो पाई। वीडियो वायरल होने के 10 दिन बाद शुक्रवार रात को तीन इंस्पेक्टर के तबादले आदेश जारी हुए। पचमढ़ी और माखननगर थाना प्रभारी बदले गए।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया गया संदेश

नर्मदापुरम। भोपाल से आए लोक कलाकारों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में कठपुतली डांस की प्रस्तुति दी तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर सारगर्भित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की, जिसकी उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित ऑडियो को सुनाया गया तथा प्लास्टिक मुक्त भारत एवं सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

## फेफरताल विद्युत उपकेंद्र का किया जाएगा मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रबंधक (शहर) जोन 1 म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया है कि 16 नवम्बर रविवार को फेफरताल स्थित विद्युत उपकेन्द्र का मेंटेनेंस किया जाएगा। जिसके चलते प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। मेंटेनेंस के दौरान 16 नवम्बर को फेफरताल सबस्टेशन अंतर्गत विक्रम नगर, सरस्वती नगर, कंचन नगर, प्रताप नगर, फौजदार कालोनी, ग्राम रसुलिया, बंगाली कालोनी, संजय नगर, महिमा नगर, वर्मा कालोनी, विकम नगर, हनुमान नगर, न्यू हनुमान नगर, राघव नगर, अभिषेक नगर, राधे हाईट, राम नगर, चंदन नगर, गोपालकुंज, मारूती नगर, आर्शिवाद नगर, अशुतोष नगर, बंजारा टाउन, ग्लोबल ग्रीन आदि क्षेत्र। साई हेवन, साई ग्रीन सिटी, हिल व्यू होन, साई सिटी, मारूती नगर, डबल फाटक, सीयाराम नगर, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी, रेवा ब्लू, साई, दर्शन, साई किरण, फेफरताल आदि क्षेत्र में प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## जनजातीय गौरव दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच शिविर आयोजित, आयुष्मान कार्ड भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान बिरसामुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले के जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

जिला अस्पताल के एनसीडी परिसर में सिविल सर्जनडॉ.सुनीताकामले की देखरेख में आयोजित शिविर में नागरिकों की सिकल-सेल स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, मुख सिहत अन्य जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के बाद आवश्यक दवाओं का वितरण भी मुफ्त में किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया तथा विभिन्न



स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। शिविर में डॉ. डी.सी. किंगर, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, एमडी डॉ. संदीप साहू, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.सुनीलजैन, एनसीडी नोडल डॉ.उदित भट्ट तथा कई पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्री राजपूत करणी सेना ने सौंपा प्रधानमंत्री के नाम आवेदन, सरकार से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सोहागपुर में भारत के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन गत दिवस तहसीलदार रंजीत चौहान को सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सोची समझी साजिश के तहत करणी सैनिकों पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

आवेदन के अनुसार करणी सैनिकों पर होती घटनाओं को देखते हुए नर्मदापुरम् जिले के करणी सैनिकों का प्रधानमंत्री से आग्रह है कि छत्तीसगढ़ में वीरेंद्र



सिंह तोमर पर झूठे आरोप लगाए गए हैं तथा उन्हें फंसाया गया है। इस घटना का करणी सेना निंदा करती है। ज्ञापन के माध्यम से करणी सेना ने प्रधानमंत्री से अपेक्षा की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच के आदेश दिए जाएं। इस दौरान करनी श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूजा नागर बनीं एलएबी की जिला संयोजक कहा स्वास्थ्य सेवा जन जन तक पहुंचाना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूजा नागर एलएबी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम की ओर से आगामी आदेश तक एल.ए.बी. की जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह आदेश संघ के प्रांताध्यक्ष श्री एस.बी. सिंह द्वारा 22 जुलाई 2025 को जारी किया गया।

आदेश जारी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुदृढ़ता आएगी। नियुक्ति के बाद



पूजा नागर ने अपनी प्राथमिकताओं और कार्ययोजना पर विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी अपेक्षा से जुड़ा दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि "मेरा मुख्य लक्ष्य यह है कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक समय पर, सरल और पारदर्शी तरीके से पहुँचें। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। स्वास्थ्य कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करके हम मरीजों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं दे पाएंगे।" पूजा नागर ने आगे बताया कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों की नियमित समीक्षा करेंगी।

## भाजपाइयों ने बिहार चुनाव में जीत पर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल सोहागपुर ने नगर में शुक्रवार शाम खुशी मनाई। मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। मंडल के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह जीत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, सोहागपुर नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, विजय नन्हू छाबड़िया, जेपी माहेश्वरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, दशरथ रघुवंशी, पार्षदद्वय आशीष विश्वकर्मा तथा गौरव पालीवाल, दीपक साहू, राकेश चौरसिया, जगदीश अहिरवार, पवन रघुवंशी, रामबाबू रघुवंशी, नीरज यादव, अरुण चौरसिया, उमेश शर्मा, बृजेंद्र राजपूत, संजय तिवारी, अरविंद रघुवंशी, ऋषभ गढ़वाल, संजय मेहरा, अमित चौरसिया राजेश रघुवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कॉलेज में शुरू हुई बाल संरक्षण सप्ताह अंतर्गत गतिविधियां, रांगोली का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह अंतर्गत जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। सप्ताह का आयोजन 14 नवंबर से 22 नवंबर 2025 तक बाल संरक्षण क्लब द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बाल संरक्षण सप्ताह के प्रथम दिवस शुक्रवार को रांगोली कार्यक्रम किया गया। जिसके माध्यम से समाज को बच्चों के संरक्षण का संदेश दिया गया एवं बताया गया कि बच्चों को शिक्षा, स्वतंत्रता, जीवन जीने, सुरक्षा के अधिकार सहित शोषण के विरुद्ध




अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सहभागिता का अधिकार प्राप्त हैं। इनमें से किसी भी अधिकार का हनन होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 पर शिकायत की जा सकती है। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, सचिव हमीर सिंह चंदेल, सहायक प्राध्यापक यशवंत यादव, कॉलेज स्टाफ, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का किया आयोजन

**भैरूंदा।** नगर के प्रतिष्ठित तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



मेले में विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार की स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों की रचनात्मकता और पाक-कौशल स्पष्ट झलक रहा था। इसके साथ ही बच्चों ने बुद्धिमत्ता आधारित खेलों का विशेष गेम ज़ोन तैयार किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपना कौशल दिखाया और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक, रचनात्मक एवं व्यवहारिक कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे जादूगर गोल्डन शिवम, जिन्होंने अपने अद्भुत मैजिक शो से बच्चों और उपस्थित जनों का मन मोह लिया। पूरे परिसर में बच्चों की हंसी, उत्साह और खुशी का माहौल छाया रहा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आरबी मालवीय ने प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण हर्षोल्लास से गुंजायमान रहा तथा बच्चों ने बाल मेले का भरपूर आनंद लिया।

### कृषि विशेषज्ञ ने दी विविध जानकारियां

## रसायन रहित व पोषण युक्त कृषि उत्पादों की जानकारी पाकर खुश हुए स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर निवासी तथा नर्मदापुरम् जिले में प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ के रूप में ख्यात उन्नत कृषक सुभाष पटेल के मनोहर कृषि फार्म पर आए दिन कृषि विद्यार्थी एवं सामान्य विद्यार्थी कृषि संबंधी जानकारी लेने पहुंचते हैं। इसी क्रम में गत दिवस नगर के एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों का दल मनोहर कृषि फार्म पहुंचा। कृषक सुभाष पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों को मनोहर प्राकृतिक कृषि फार्म पर उन्होंने प्रशिक्षण दिया है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मनोहर प्राकृतिक कृषि फार्म पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मानव जीवन में प्रकृति का महत्व, नीम व सहजन के औषधीय गुण




तथा प्राकृतिक खेती की विधियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण संचालन प्रशिक्षक सुभाष चंद्र पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन के संतुलन, स्वास्थ्य व पर्यावरण की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। नीम व सहजन जैसे औषधीय पौधे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं तथा अनेक बीमारियों में लाभकारी होते हैं। प्रशिक्षक सुभाष पटेल ने बच्चों को प्राकृतिक खेती के लाभ बताते हुए कहा कि रासायनिक खादों के स्थान पर जैविक विधियों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण स्वच्छ रहता है।

### केंद्रीय जेल के बंदी की उपचार के दौरान मौत

नर्मदापुरम। केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक बंदी की 27 अक्टूबर की रात भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई थी। अब 18 दिन बाद भोपाल से डायरी आने पर कोतवाली पुलिस ने 14 नवंबर की रात मर्ग दर्ज किया। मामले में भोपाल में न्यायिक जांच चल रही है। जेल अधीक्षक संतोष सिंह सोलंकी ने बताया कि, बंदी चंद्रभान सिंह हत्या के अपराध में उम्रकैद की सजा काट रहा था। उसे सितंबर में बरेली जेल से नर्मदापुरम केंद्रीय जेल भेजा गया था। यहां आने के बाद से वह बीमार रहता था। सोलंकी के अनुसार, बंदी की तबीयत खराब होने पर उसे पहले भी हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हाल ही में हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम से फिर भोपाल रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी जेल प्रशासन को 28 अक्टूबर की सुबह मिली।

## एडीएम जय सोलंकी ने बूथ लेबल पर जाकर दी समझाइश




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। जिला नर्मदापुरम में कलेक्टनर सोनिया मीना के नेतृत्व में जिले की चारों विधान सभा में यह कार्य किया जा रहा है।

तत्संबंध में विधान सभा होशंगाबाद में कार्य के निरीक्षण के लिये एसडीएम जय सोलंकी के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण दोनों जगह के मतदान केन्द्रों पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सोलंकी ने मतदान केन्द्रों पर जाकर बीएलओं को आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं गणना पत्रक को भरना एवं बीएलओ एप पर फीड करना भी बताया गया। सोलंकी द्वारा शहरी क्षेत्र में एसपीएम, फेफरताल के मतदान केन्द्रों तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम रोहना, ग्राम नोहर, ग्राम आगराकला एवं ग्राम बुधवाडा के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

## अस्पताल में आदिवासी महिला की मौत, सड़क पर प्रदर्शन, डॉक्टर की लापरवाही के आरोप

# 'सांस थमी तो कोरे कागज पर लिया अंगूठा'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में एक आदिवासी महिला की मौत के बाद शनिवार को हंगामा मच गया। मृतका के परिजनों और आदिवासी संगठनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल गेट के सामने सडक़ पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी जिम्मेदार महिला डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। दरअसल चोपना क्षेत्र के इमलीखेड़ा निवासी 25 वर्षीय समोती पति अमन मोचम ने 7 नवंबर को जिला अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया था। सामान्य प्रसव के बाद उन्हें 12 नवंबर को घर भेज दिया गया था। शुक्रवार सुबह समोती की तबीयत अचानक बिगड़ी। परिजन उन्हें शाम को निजी वाहन से अस्पताल लाए। इलाज चल ही रहा था कि देर रात उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज मिल जाता तो महिला की जान बच सकती थी। इसी बीच मृतक की सास से कोरे कागजों में अंगूठे भी लगवा लिए गए। लेकिन यह नहीं बताया गया कि किन कागजों पर अंगूठा लगवाया गया है। परिजनों ने संबंधित महिला डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि समय पर उपचार नहीं दिया। परिजनों का आरोप था कि जब तक प्रभारी मंत्री मौके पर नहीं आएंगे, तब तक जाम नहीं खुलेगा। तहसीलदार और पुलिस कर्मी प्रसूता के परिजनों को समझाइश देते रहे, लेकिन वे नहीं माने, इससे मार्ग को कुछ समय के लिए डायवर्ट भी करना पड़ा।

### प्रभारी मंत्री को बुलाने पर अड़े प्रदर्शनकारी

महिला की मौत को लेकर जयस आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर दिया। इलाज में लापरवाही करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। काफी देर तक अस्पताल के सामने चक्काजाम और प्रदर्शन जारी रहा। आदिवासी संगठन के लोग प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को अस्पताल में बुलाने पर अड़े रहे। चक्काजाम को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। चक्काजाम के कारण यातायात को डायवर्ट करना पड़ा। आदिवासी संगठन का आरोप है कि इससे पहले भी कई बार डॉक्टर धाकड़ की लापरवाही के कारण कई लोगों की जान चली गई है। डॉक्टर पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं हुई है।

### चक्कर काटते रहे, लेकिन नहीं बच सकी जान

मृतका के पति अमन के मुताबिक सात दिन पहले ही महिला ने सामान्य प्रसूति के द्वारा एक मासूम बच्ची को जन्म दिया था, लेकिन कल अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और घबराहट के साथ-साथ उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। तत्काल उपचार के लिए महिला को शुक्रवार शाम को अस्पताल भर्ती किया गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज में गंभीर लापरवाही बरती। दमा की शिकायत होने के बावजूद बॉटल लगा दी गई, बॉटल लगाने के बाद महिला की तबीयत और बिगड़ गई। महिला को आईसीयू ले जाया जा रहा था, इसी दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। इधर डॉक्टरों का कहना है कि महिला को अस्थमा की शिकायत के साथ-साथ बीपी भी बड़ा हुआ था, लेकिन परिजनों का यह भी आरोप है कि जब महिला को अस्पताल भर्ती किया गया था जब उसकी हालात इतनी गंभीर नहीं थी कि उसकी मौत हो जाए। डॉक्टर द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने से उसकी मौत

**इनका कहना है**

इस मामले में प्रसूता की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, यह जांच का विषय है। जांच के बाद ही निष्कर्ष निकल पायेगा। यदि अस्पताल स्टाफ की लापरवाही सामने आएगी, तो जरूर कार्यवाही करेंगे।

- डॉ जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

## प्रसूता के इलाज में लापरवाही पर प्रभारी मंत्री सख्त

### स्टेट लेवल से निष्पक्ष जांच के दिए निर्देश, दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**बैतूल।** बैतूल के ग्राम इमलीखेड़ी निवासी प्रसूता समोती पति अमन की इलाज में हुई लापरवाही के आरोप पर स्टेट लेवल से निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मृतक समोती के परिजनों से कहीं। प्रभारी मंत्री पटेल शनिवार को घटना की जानकारी प्राप्त होने पर जिला अस्पताल पहुंचे और यहां मृतक समोती के पति एवं अन्य परिजनों से भेंट की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने परिजनों से आत्मीय चर्चा पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि पूरी गंभीरता और निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी। दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। इसके बाद उन्होंने इस संबंध में जिला अस्पताल में सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारियों की बैठक भी लीं। बैठक में बताया गया कि पूर्व में भी इलाज करने वाले चिकित्सक के लापरवाही के प्रकरण और प्रभावित परिजनों की शिकायतें सामने आई हैं। जिस पर प्रभारी मंत्री पटेल ने उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे प्रकरण की जांच के लिए स्टेट से टीम गठित करने और वर्तमान तथा पहले की सभी शिकायतों पर जांच कर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, सुधाकर पवार तथा प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया जनजाति गौरव दिवस सप्ताह

# विद्यार्थियों ने जानी जनजातीय संस्कृति वेशभूषा, लोक चित्रकला, नृत्य व गीत




**मुलताई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुलताई में जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मना। रूपरेखा एवं मंच संचालन यशवंतराव वागदरे द्वारा किया गया। शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य कालिका प्रसाद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

विद्यालय की प्राथमिक संगीत शिक्षिका स्वाति कमलेश पराते के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को जनजातीय वेशभूषा में तैयार किया गया तथा जनजातीय नृत्य का आकर्षक एवं मनमोहक आयोजन किया गया। जनजातीय वेशभूषा में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न झलकियाँ दर्शकों के लिए अलौकिक प्रदर्शनी का रूप ले रही थीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। जनजाति गौरव दिवस पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन विद्यार्थियों को जनजातीय संस्कृति से परिचित कराने हेतु जनजातीय वेशभूषा, लोक चित्रकला, आदिवासी व्यंजन, गीतझनृत्य आदि विषयों पर गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही, विद्यार्थियों को आभासी रूप में जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जनजाति नायक बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और योगदान के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य कालिका प्रसाद ने भी बच्चों को लोकनायक बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन से परिचित कराते हुए उनके विचारों को अपनाने की प्रेरणा दी।

# परतवाड़ा ले जाए जा रहे पांच मवेशी छुड़ाए तीन गिरफ्तार, पशु पहुंचाए गए गोशाला



**भौंरा।** क्षेत्र में अवैध पशु तस्कर लगातार सक्रिय है। भौंरा पुलिस द्वारा पांच दिन पहले एक वाहन पकडऩे के बाद शनिवार तडक़े फिर बड़ी कार्रवाई की गई। शनिवार सुबह करीब 4 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नेशनल हाईवे पर पिपरिया से परतवाड़ा (महाराष्ट्र) की ओर ले जाए जा रहे मवेशियों से भरे आईसर छोटे हाथी वाहन को पीछा कर पकड़ा। वाहन में पांच मवेशी अमानवीय तरीके से बांधकर ठूंसे गए थे। एएसआई पहलादसिंह तलवारिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर हाईवे पर चौकसी बढ़ाई गई। पुलिस को देखकर आरोपियों ने वाहन तेज गति से भगाने की कोशिश की, लेकिन आरक्षक धीरज काले और जयकिशन की तत्परता से पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रोक लिया। वाहन में पांच मवेशियों को हाथ-पैर बांधकर ठूंस दिया गया था, जिससे वे घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने तत्काल मेडिकल कराया, उपचार के बाद इन्हें कुंडी गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों श्याम मीना और ओम मीना निवासी ग्राम जमनिया थाना माखननगर, तथा हेमन्त भलावी निवासी बजरवाड़ा पाढऱ (बैतूल)को गिरफ्तार किया। वाहन का मालिक हेमन्त भलावी ही है। पूछताछ में उसने बताया कि वह 5 हजार भाड़े के लालच में यह काम कर रहा था। पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पांच दिन पहले भी भौंरा पुलिस चौकी क्षेत्र में मवेशियों से भरा वाहन पकड़ा गया था। लगातार हो रहीं ऐसी घटनाओं से साफ है कि अवैध पशु तस्करी का रैकेट सक्रिय है, जिस पर पुलिस लगातार नकेल कसने में जुटी है।

## खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे तीन वाहन किए बरामद



**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 14 नवंबर को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। बैतूल क्षेत्रांतर्गत ग्राम बडोरा फोरलेन ब्रिज के समीप से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 टाटा टिप्पर बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं भैंसदेही क्षेत्रांतर्गत ग्राम बडग़ांव से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1156 एवं एमपी 28 एच 1815 को जप्त कर पुलिस थाना भैंसदेही की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इस प्रकार कुल 03 वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना में खड़ा करवाया गया है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है। उपरोक्त सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## केंद्रीय विद्यालय में पॉक्सो तथा पॉश कानून पर कार्यशाला आयोजित



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी में पॉक्सो तथा पॉश कानून विषय पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित इन कानूनों की जानकारी अतिआवश्यक है, ताकि बच्चों तथा कर्मियों दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर संरक्षक ब्रजेश वर्मा एवं कृष्ण मुरारी संसाधक की भूमिका में रहे और उन्होंने प्रशिक्षण का सफल संचालन किया।

## 305 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन

# जनजातीय समाज का इतिहास गौरवशाली व समृद्ध : प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को पुलिस ग्राउंड में जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शिरकत की, वहीं विशेष अतिथि के रूप में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष शपार्वती बाई बारस्कर, पूर्व सांसद शज्योति धुर्वे, जनपद अध्यक्ष आठनेर रोशनी इवने, पूर्व विधायक गीता धुर्वे, रामजीलाल उईके, सुधाकर पवार, प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट, एसडीएम अभिजीत सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय गीतों पर मुख्य अतिथियों ने नृत्य भी किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने जनजातीय महापुरुषों के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पूर्व जनजातीय गौरव दिवस पर महानायकों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर मुख्य अतिथियों ने जिले में 80 करोड़ से अधिक की राशि





से विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 225 करोड़ से अधिक की लागत के कार्यों का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जनजातीय कलाकारों, मेधावी विद्यार्थियों, विभिन्न क्षेत्र में हितलाभ वितरण कर सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज की नृत्य संस्कृति अद्भुत हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा के चलाए गए महाअभियान का गुणगान राष्ट्रगीत वंदे मातरम में सुजलाम, सुफलाम और मलयज शीतलाम के गायन में याद करते हैं। जनजातीय समाज के नागरिक हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे और देश के विकास में अपना योगदान दे रहे है। आज भारत की सर्वोच्च पद पर आसीन तीनों सेनाओं के प्रमुख महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज से हैं।

### प्रधानमंत्री ने बढ़ाया जनजातीय नायकों का गौरवः सांसद

सांसद खरगोन गजेन्द्र सिंह पटेल ने वीर जनजातीय नायक सरदार विष्णु सिंह गोंड, सरदार गंजन सिंह कोरकू, भगवान बिरसा मुंडा, भीमा नायक इत्यादि नायकों के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मां ताप्ती के उद्धम स्थल, सरदार गंजन सिंह कोरकू, सरदार विष्णु सिंह गोंड की जन्म स्थली पर आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय नायकों का गौरव को बढ़ाया है। राजा महाराणा प्रताप सिंह के समय भील समुदाय उनकी सेना में थे। जिन्होंने मुगलों के विरुद्ध संघर्ष और उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लड़ाई में जनजाति वीर पूंजा भील ने भी अहम योगदान दिया।

### *554 जनजातीय बहुल ग्रामों में ग्रामीण हो रहे हैं लाभान्वित*

*प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की गई है। बैतूल जिले के 554 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहां की धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 554 जनजाति बाहुल्य ग्रामों में 17 विभागों की 25 हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इन सभी ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अब तक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 12 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए गए हैं। 3 लाख 90 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। लगभग 400 लाख के 670 से भी अधिक विद्युतीकरण संबंधित कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें 158 पूर्ण हो चुके हैं। 10 सांदीपनि विद्यालयों में बालक, बालिका छात्रावास निर्माण के लिए 40 करोड़, लगभग 40 छात्रावास आश्रम के लिए 8.30 करोड़, 13 संस्थानों में 30 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 5 करोड़, एक छात्रावास एवं दो आश्रम नवीन भवन निर्माण के लिए 9.30 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार आदि कर्मयोगी अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन से राष्ट्रपति सम्मान भी प्राप्त हुआ, वहीं सिकलसेल एनीमिया के उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिले को सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने आदि कर्मी योगी अभियान की संपूर्ण जानकारी दी।*

## बीआर अंबेडकर कॉलेज में मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर बीएड कालेज बैतूल में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जनजातीय बीएड स्कालर्स नेहा बारस्कर एवं रविता उइके द्वारा बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक इंजी. ध्रुव प्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नृत्य, गीत और भाषण का आयोजन किया गया। जिसमें नेहा बारस्कर द्वारा गोंडी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागी सुरुचि काले द्वारा स्वरचित कविता का पाठ किया। बीएड स्कालर्स तरुणा बिहारे, वर्षा रावत, दिपांशी सोलंकी, रेशमा टिटवारे, प्रियंका बिहारे, लीना झरबडे ने बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती पर भाषण एवं गीत प्रस्तुत किया। इन्हें मेडल एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख, वरिष्ठ प्राध्यापक सुनिल वर्मा, डॉ. सतीश गावंडे ने जनजातीय गौरव दिवस पर अपने व्याख्यान दिये जिसमें समस्त स्टाफ एवं बीएड स्कालर्स उपस्थित रहें।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की आयोजित



**भैंसदेही।** पयोषणी वेलफेयर सोसाइटी भैंसदेही द्वारा भगवान बिरसा मुंडा का जन्म जयंती उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के गौरवशाली और समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा जी एक नाम एक ऐसे वीर महान योद्धा और समाज सुधारक के रूप में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश में हर वर्ष 15 नवंबर को उनकी जन्म जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया है। इसके कारण भारत की समृद्ध जनजाति संस्कृति कला और विरासत को बढ़ावा मिले। जनजाति समुदाय के बलिदान साहस और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को राष्ट्रीय स्मरण करेगा जनजाति समुदाय के मध्य एकात्मता और संस्कृति गौरव और गौरव की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके कारण हमारी भावी पीढ़ी और विद्यार्थियों को जनजाति कला संस्कृति और विरासत जानने का अवसर मिलेगा। इनका जन्म 19 नवंबर 1875 में झारखंड में हुआ था। क्षेत्र में एक साधारण जनजाति परिवार में हुआ था। इसमें गुलाबराव सेलकरी, राहुल चढ़ोकार, अंकित राठौर एवं समाजसेवी ताप्ती प्रसाद चंदेल, एडवोकेट संतोष राठौर, रमेश वागदरे, वामन खड़ागरे, रोशन गावंडे, हेमराज जीजने, अमित राठौर, आशीष राठौर, जयदेव सोनारे आदि उपस्थित थे।

## भौंरा पंचायत में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



**भौंरा।** ग्राम पंचायत भवन में शनिवार को आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने से हुई। इस अवसर पर पंचायत कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। बिरसा मुंडा, जिन्हें धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है, ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया था और आदिवासी समाज को सामाजिक जागृति, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए संघर्ष का मार्ग दिखाया था। उनके आदर्श और जीवन संघर्ष आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच मीरा धुर्वे, सहायक सचिव अमित तिवारी, निशा उपाध्याय, नन्नू राजपूत, गौतम चौरे सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने मिलकर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच मीरा धुर्वे ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एकजुटता, शिक्षा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया। धरती आबा के आदर्श सिर्फ आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें उनके संघर्ष को याद रखते हुए गांव के विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में कार्य करना चाहिए।

## शनिचरा बाजार स्थित प्रतिमा स्थल पर जुटे समिति सदस्य



**आमला।** जनसेवा कल्याण समिति ने शनिवार को शनिचरा बाजार स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। समिति के सदस्यों ने एकत्रित होकर देश की आजादी और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए बिरसा मुंडा के अतुलनीय योगदान को याद किया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन मूल्यों और संघर्ष को याद करते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसेवा कल्याण समिति के उपाध्यक्ष अनिल सोनपुरे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि समाज सुधारक भी थे। उन्होंने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में देश और अपने आदिवासी समाज के लिए बड़ा संघर्ष किया। उनके जीवन से हमें त्याग, संघर्ष और समाज के लिए जीने की प्रेरणा मिलती है। समिति संकल्प लेती है कि हम उनके आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा का कार्य जारी रखेंगे। समिति के सदस्य नितिन ठाकुर, सागर चौहान ने कहा कि देश की आजादी में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा, बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान (महान विद्रोह) छेड़ दिया था। आज हमें उनके इस अतुलनीय योगदान को याद करना चाहिए और नई पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराना चाहिए। हमें संघर्ष और वीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसमें जनसेवा कल्याण समिति उपाध्यक्ष अनिल सोनपुरे, नितिन ठाकुर, सागर चौहान, अमित यादव, शुभम एसके, यश कारले, बंटी मिश्रा सहित समिति के अन्य सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

## बिरसा मुंडा को 150वीं जयंती पर किया याद



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में शनिवार 15 नवंबर को आदिवासी जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे व अन्य जनप्रतिनिधियों ने धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा का पूजन कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया गया। नगर पालिका में कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। इस अवसर पर नगर पालिका में उपस्थित जन समुदाय को आदिवासी जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, गोलू राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने जननायक बिरसा मुंडा का पूजन किया।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष पर नर्मदांचल में हुए विभिन्न आयोजन

केसला में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोले सांसद

# जनजातीय समाज धर्म, संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्य व धरोहर को बचाने वाला समाज है : दर्शन सिंह चौधरी

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के जरिए भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मैंने समूचे प्रदेश का भ्रमण कर आदिवासी जनजाति, संस्कृति का अद्भुत रूप एवं पहलू देखा है। अंग्रेजों ने जनजातीय संस्कृति को खंडित करने का अनेक बार प्रयास किया। जनजातीय समाज धर्म संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्यों और अपनी धरोहर को बचाने वाला समाज है। भगवान बिरसा मुंडा का जनजाति समाज में अमूल्य योगदान है। भगवान बिरसा मुंडा ने एवं जनजातीय समाज ने भारत देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपना बलिदान दिया है। उक्त बात नर्मदा पुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा के 150 वे जन्म जयंती के गौरव दिवस के कार्यक्रम में कहीं। जनजातिय गौरव दिवस का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केसला में आयोजित किया गया। सांसद चौधरी ने कहा कि अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने में जनजाति समाज ने आगे बढ़कर अपना बलिदान दिया है लेकिन अंग्रेजों ने उनका गलत चित्रण किया। अंग्रेज कभी भी जनजातीय समाज के क्षेत्र में कब्जा नहीं कर पाए इसलिए उन्होंने जनजातीय समाज का गलत चित्रण किया। सांसद चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने भी जनजाति महापुरुषों का उचित मान सम्मान नहीं किया।

रानी दुर्गावती ने मुगलों से लोहा लिया। रानी दुर्गावती ने आदिवासी संस्कृति एवं समाज को बचाने का उत्कृष्ट कार्य किया है। मध्यप्रदेश सरकार ने रानी दुर्गावती के नाम पर स्कूल एवं कॉलेज के नाम रखे हैं। सांसद चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को रॉबिन हुड की उपाधि दी गई थी। 24 वर्ष 9 माह की आयु में भगवान बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा दिया गया। चौधरी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि गांव गांव जाकर जनजाति गौरव दिवस मनाएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने कभी भी अपनी मूल भावना को नहीं त्यागा। अंग्रेज और मुगलों के साथ संघर्ष करने वाले आदिवासी समाज के टंट्या मामा भील का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन ने आदिवासी समाज के विद्यार्थियों की प्रगति एवं उत्थान के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आवास सहायता योजना, आश्रम एवं छात्रावास योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, यूपीएससी की कोचिंग योजना, स्वरोजगार के लिए टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना संचालित कर रही है। उन्होंने बताया कि केसला में स्थित महाविद्यालय में जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सांसद चौधरी ने बताया कि ग्राम बारसोल से भौरा तक 26 करोड़ रुपए की सड़क स्वीकृत की गई है। जय सेवा जय जोहार से उन्होंने अपने भाषण का समापन किया। इसके पूर्व सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्कृष्ट विद्यालय के बैंड दल द्वारा सभी अतिथियों का बैंड की धुन पर स्वागत किया गया। सभी अतिथि गणों को तिलक एवं साफा बांधकर जनजातिय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया गया। सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे के साथ अपना संबोधन देते हुए कहा की भगवान बिरसा मुंडा ने देश के लिए अपना बलिदान दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद पंचायत केसला के अध्यक्ष गंगाराम कलमे, उपाध्यक्ष अर्चना मेहतो, जनप्रतिनिधि संतोष पारीक, प्रीति शुक्ला, मुकेश चंद्र मैना, हंस राय, योगेंद्र सिंह, बृजेश किशोर पटेल, सीमा कास्दे, सरपंच झंनिया बाई, कलेक्टर सु सोनिया मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी गण, जनप्रतिनिधि गण, शिक्षक गण, विद्यार्थी गण एवं केसला के नागरिक जन उपस्थित रहे।




### बिरसा मुंडा जयंती पर किया नमन, सामाजिक सदस्यों ने बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

**इटारसी।** शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती दिवस पर मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ के बैनर तले वार्ड क्रं 3 रानी दुर्गावती नगर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष आकाश कुशराम, प्रदेश सरंक्षक पार्षद राहुल प्रधान, संभाग प्रभारी रजत मर्सकोले, जिला प्रभारी संजय युवने, जिला अध्यक्ष राघवेंद्र उइके, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन मर्सकोले, वरिष्ठगण में भगवानदास सल्लाम, रामशंकर धुर्वे, बंटी धुर्वे, मंडल अध्यक्ष अंकित मर्सकोले, नर्मदापुरम अध्यक्ष शिव उइके, सौरभ धुर्वे, अंकित मर्सकोले, मोनू परते, सहित सागा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्कूली विद्यार्थी व कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेरी

केसला में आयोजित जनजाति गौरव दिवस के कार्यक्रम में आदिवासी लोक कला एवं संस्कृति की अद्भुत छठा बिखरते हुए शिव शक्ति डंडार मंडल ग्रुप के नृत्य दल के कलाकारों ने शानदार डंडार नृत्य की प्रस्तुति दी। सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय सुखतवा की छात्राओं ने जय सेवा जय जोहार साथियों गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय आश्रम शाला केसला के छात्रों ने योगाभ्यास की शानदार प्रस्तुति दी। सीनियर उत्कृष्ट छात्रावास कन्या छात्रावास की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य जल जंगल जमीन का रखवाला गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। आदिवासी कन्या आश्रम चूरना की छात्राओं ने लोक संस्कृति को जीवंत करते हुए शानदार नृत्य की प्रस्तुति की। एकलव्य स्कूल भरगदा की छात्र-छात्राओं ने तथा कन्या आश्रम के विद्यार्थियों ने शानदार आदिवासी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की।



### शास. महात्मा गांधी महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में 'शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ। आयोजन के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसके माध्यम से उनके संघर्ष और योगदान को विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश दिया और उस पर अमल भी किया। उन्होंने जड़ी-बूटियों से रोगों का इलाज किया और अपने जीवन के उद्देश्य को प्रबल बनाया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा से शिक्षा लेनी चाहिए कि हमें अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाना है और उसकी प्राप्ति के लिए कठोर मेहनत करनी है। कार्यक्रम में जनजाति कार्य मंत्रालय की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष मालवीय, डॉ. मनीष कुमार चौरे, प्राध्यापक डॉ. वीके कृष्णा, डॉ. कनक राज और डॉ. दिनेश कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पिपरिया में जननायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी के खापा में बजरंग टेंट हाउस पर आदिवासी समुदाय के जननायक बिरसा मुंडा की 150वी जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी , विशेष अतिथि चंद्र शिवराम उईके सहायक संचालक सचिव मंडी, शैलेन्द्र शाह नीतीराज ठाकुर कमलेश कुमार जनपद धनाश्री सरपंच तीर्थ लाल काकोडिया अतुल कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परते ने की।नेहा धुर्वे,गीता बाई राहुल उईके ब्रज पाल उईके सहित अन्य सभी शामिल हुए। कार्यक्रम संचालन पंचम सिंह ठाकुर ने किया। सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय से लोग शामिल हुए। सभी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। चंद्र शिवराम उईके ने सभी को बिरसा मुंडा के चित्र भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि जनजाति य गौरव दिवस देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने आदिवासी समुदाय का इतिहास भरा पड़ा है। नर्मदापुरम जिले में आदिवासी समुदाय की सियासत है। पढ़ें लिखे हुए हैं। तभी तो 25 साल की उम्र मे बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। यह तो इतिहास का एक अध्याय है।और अनेक गाथाएं हैं। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित लोगो और सामाजिक सदस्यों द्वारा भगवान बिरसामुण्डा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

### एसडीएएम कालेज में बिरसा मुंडा जयंती का हुआ आयोजन



**सिवनी मालवा।** एस डी ए एम महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदा पुरम में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर 15 दिवसीय पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, यूथ टैलेंट शो, वाद-विवाद प्रतियोगिता । जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। प्राचार्य महोदय श्री राजेश कुशवाहा सर ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और समाज सुधार में उनके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया, कि बिरसा मुंडा भारत के प्रसिद्ध जनजातीय नेता स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, और आध्यात्मिक गुरु थे। उन्हें ऽधरती आबाऽ अर्थात धरती के पिता के नाम से सम्मानित किया गया। उन्होंने ब्रिटिश शासन और शोषणकारी जमींदारी व्यवस्था के विरुद्ध जनजाति समाज को संगठित कर एक बड़े आंदोलन का नेतृत्व किया। प्राचार्य द्वारा सभी सहभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन के साथ कॉलेज परिसर में ऽजल-वन -भूमि संरक्षण और आदिवासी गौरव विषय पर संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गुरुदेव शिक्षा व समाज सेवा समिति ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई



माखननगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम नेअलग अलग सेक्टर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई, सेक्टर 04 मेंनवांकुर अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन परिचय एवं उन से संबंधित वृतांत पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर रामस्नेही यादव, प्रेमनारायण, देवीसिंह, नारायणसिंह,पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष धर्मदास साधराम, नवांकुर सचिव मनोज परसाई, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति वीरेंद्र यादव,पूनम मानागांव, सतीश यादव कोटगांव, कृष्णकांत यादव, प्रदीप यादव, दिनेश यादव, भरतभूषण यादव, अर्जुन यादव, जयसिंह, रीता यादव, पूजा यादव बीएसडब्ल्यू उपस्थित रहे सभी का आभार परामर्शदाता सुरेश यादव ने माना। गनेरा सेक्टर02 के ग्राम समोन में एवं सांगा खेड़ा खुर्द सेक्टर 05 में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### कुसुम कालेज में हुआ जयंती पखवाड़े का समापन

सिवनी मालवा। शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में आज उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा जयंती अवसर में 15 दिवसीय पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बाल दिवस पर जीनियस प्लेनेट ने जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जमानी जन शिक्षा केंद्र में जीनियस प्लानेट एजुकेशन सोसाइटी ने एक नेक पहल की। बाल दिवस के अवसर पर, जमानी जन शिक्षा केंद्र के तहत आने वाले प्राइमरी स्कूल नजरपुर और आसपास के अन्य प्राथमिक स्कूलों के 100 से अधिक विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए।

सोसाइटी के संचालक जाफर मनीता सिद्दीकी ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, जब इन विद्यार्थियों को स्वेटर मिले, तब इनके चेहरे की खुशी देखकर मन को प्रसन्नता हुई और लगा यही है उस खुदा की इबादत, ईश्वर की सेवा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें यह सेवा का अवसर सदैव मिलता रहे।

सिद्दीकी ने स्कूल की मांग पर विद्यार्थियों के बैठने के लिए डेस्क देने की भी घोषणा की, जिसे इसी माह प्रदान किया जाएगा

कार्यक्रम में उपस्थित डीपीसी डॉ. राजेश जैसवाल ने बच्चों को महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा सच बोलने और अपने परिवार के सदस्यों को गुटका, तंबाकू जैसे मादक पदार्थों का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बच्चों को बचे हुए पैसे गुल्लक में डालने, स्वच्छता बनाए रखने और मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करने की समझाइश दी।

इस विशेष अवसर पर जीनियस सोसाइटी के पदाधिकारी सुनील सचान, कार्यक्रम आयोजक जन शिक्षा केंद्र के राजकुमार बघेल, श्रीमती चेतना राठौर के साथ-साथ स्कूल स्टाफ और अभिभावक भी मौजूद रहे।

## बाल मेला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्रामपंचायत पनारी मैं स्थापित द लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल के संचालक के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी को पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री की जयंती प्रतिवर्ष बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस दौरान स्कूल परिसर में विभिन्न खेल का आयोजन किया गया तथा बच्चों के द्वारा तैयार किए गए व्यंजन के स्टॉल लगाए गए विशाल मेला लगाया गया स्कूल के संचालक हर्ष मालपानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल दिवस पर भारत के पहले प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र विज्ञान शिक्षा और विदेश नीति के जरिए आधुनिक भारत की नींव मजबूत रखी थी। बच्चों को अन्य तरह की जानकारी भी दी गई तथा खेल के उपरांत पुरस्कार वितरण भी किए गए। क सोनी ने बताया कि बच्चों के पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्नेह और उनके उज्जवल भविष्य के सपनों मेंने नेहरू चाचा बना दिया। आदित्य मालपानीने कहा कि नेहरू ही थे। जिन्होंने आजादीके बाद टूटें बिखरे भारत को एक मजबूत राष्ट्र की दिशा मेंबढ़ाया । बच्चोंको खेल के उपरांत पुरस्कार भी वितरण किए गए। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं प्राचार्य की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्नहुआ।

## इटारसी पुलिस की कार्रवाईः 8 दिन से लापता बालिका गुरुग्राम से सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस की तत्परता से 8 दिन पहले घर से लापता हुई एक नाबालिग बालिका को पुलिस टीम ने दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम से सकुशल बरामद कर लिया और आज उसे उसके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया। तकनीक की मदद से ट्रेसिंग और बरामदगी थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम में शामिल एएसआई शिवनाथ यादव और महेंद्र गुर्जर ने आधुनिक तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए मोबाइल लोकेशन को ट्रैक किया, जिससे बालिका की उपस्थिति गुरुग्राम क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। इस सूचना के आधार पर, टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया। ऑनलाइन गेमिंग के जाल में फंसी थी बालिका बरामदगी के बाद, एएसआई श्रद्धा राजपूत द्वारा बालिका की गहन काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में यह बात सामने आई कि बालिका ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से हुई दोस्ती के बहकावे में आकर बिना सोचे-समझे घर से निकल गई थी। पुलिस की संवेदनशीलता की सराहना मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'मुस्कान अभियान' के तहत लापता बच्चों को खोजने की यह सफलता पुलिस विभाग की संवेदनशीलता और दक्षता को सिद्ध करती है। मुस्कान संस्था के संचालक और सामाजिक




कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने इटारसी पुलिस टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

अभिभावकों को महत्वपूर्ण सलाहसतर्कता आवश्यक : ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया मित्रता के बहकावे में आज कई बच्चियां गलत कदम उठा रही हैं। अभिभावकों की भूमिका : अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर ध्यान दें, समय-समय पर उनसे वार्तालाप करें और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दें।

## न्यायोत्सव अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने बताया कि न्यायोत्सव विधिक साक्षरता शिविर सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेविधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शालिनी मिश्रा शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दावारा उपस्थिति छात्र-छात्राओं को लाल दिवस पर शुभकामनाएं बधाई दी । मोटर व्हीकल एक्ट पाकसो एक्ट वाल विवाह दहेज प्रथा शिक्षा का अधिकार सहित अन्य सभी जानकारी दी गई।मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।कहां गया कि यदि कोई व्यक्ति गत परेशान करता है। शिक्षक शिक्षिका को जानकारी अवश्य ही दी जावे।

### टीम मोदी सपोर्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पद पर जगदीश अहिरवार की पुनः नियुक्ति

**माखन नगर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश अहिरवार को टीम मोदी सपोर्टर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे द्वारा नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष पद पर पुनः जवाबदारी सोपी गई है । जगदीश अहिरवार को जिला अध्यक्ष पद की नियुक्ति पर उनके मित्रों शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई है माखन चौक के एक प्रतिष्ठान पर भाजपा पूर्व पार्षद महेश साहू भाजपा नेता कैलाश भगोरिया अशोक सोनी सपन बडगूजर जगदीश दुबे विष्णु भगोरिया लोकेश नागोरिया राम मोहन दुबे राकेश मांझी दीपक चौरे ने फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे का आभार व्यक्त किया गया है।

## धान की बंपर आवक, चना और सोयाबीन के भाव स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार को कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में मुख्य रूप से धान की आवक दर्ज की गई। मंडी में कुल 17,848 क्विंटल उपज बिकने के लिए आई, जिसमें से 16,410 क्विंटल केवल धान था। आज मंडी में कुल 309 कृषक अपनी उपज लेकर पहुंचे और 25 व्यापारियों ने खरीदी में हिस्सा लिया।

**मुख्य फसलों का हालः**

**धान :** धान के भाव 2500 रुपए से शुरू होकर अधिकतम 3260 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। इसका औसत भाव 3110 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**गेहूं :** गेहूं की आवक सामान्य रही और यह 2412 रुपए से 2440 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिका। इसका औसत भाव 2435 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।



**दलहन एवं तिलहनः** चना के न्यूनतम भाव 4591 रुपए से लेकर अधिकतम 4751 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे, जबकि सोयाबीन के भाव भी 3551 रुपए से 4111 रुपए प्रति क्विंटल के बीच स्थिर बने रहे। मक्का का अधिकतम भाव 1851 रुपए प्रति क्विंटल रहा।मंडी अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में धान और मक्का की आवक और भी बढने की उम्मीद है, जिसके लिए मंडी में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्य जारी, सतत निरीक्षण कर रहे सेक्टर अधिकारी

**सोहागपुर।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समूचे भारत में मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में भी सेक्टर अधिकारियों को कार्य के सघन निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के पालन में सोहागपुर ब्लॉक में समस्त सेक्टर अधिकारी आरओ एसडीएम प्रियंका भल्लावी के मार्गदर्शन में एवं उनके निर्देशानुसार लगातार अपने सेक्टर क्षेत्र में मतदाता सूची सघन प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सूक्टर अधिकारी जसिंता तिग्गा ने नकटुआ, अकोला, बमारी, बरवानी, कोहानी आदि ग्रामों के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान तिग्गा ने सुपरवाइजर तथा बीएलओ को तत्र समय सीमा में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये हैं।

## नपाध्यक्ष चौरे बोले स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शनिवार सुबह 8 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई जगह अनियमितताएं मिलीं, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजग़ी व्यक्त की। खाली गाड़ी पर जताई नाराजी अध्यक्ष चौरे ने पाया कि निर्धारित समय हो जाने के बावजूद भी कई स्थानों से कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर) नहीं किया गया था। सबसे बड़ी खामी यह दिखी कि नगरपालिका की कुछ गाडियां खाली ही सड़कों पर घूम रही थीं, जिससे स्पष्ट होता है कि वे अपना काम सही तरीके से नहीं कर रही थीं। इस लापरवाही पर अध्यक्ष ने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों पर नाराजग़ी जताते हुए उन्हें तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। अधिकारियों को कड़ी चेतावनी अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वच्छता कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कड़े आदेश दिए कि वे समय पर और नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित कराएं, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार होटल में घुसी, सामान क्षतिग्रस्त

**हरदा।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छीपानेर रोड पर शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक होटल में जा घुसी। इस घटना में होटल के अंदर रखा काउंटर और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे हटाने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। दुकानदार छगनलाल नायक ने बताया कि उनका बेटा दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान छीपानेर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पहले एक ठेले को टक्कर मारी और फिर उनकी दुकान में घुस गई। इस दुर्घटना में दुकान का सामान क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे करीब एक लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। आक्रोशित भीड़ ने कार के शीशे तोड़ दिए। दुकानदार छगनलाल नायक ने आरोप लगाया कि कार चालक शराब के नशे में था। चालक उनकी दुकान से कुछ दूरी पर ही रहता है और उसे अपने घर जाने के लिए कार मोड़नी थी, लेकिन नशे की हालत में वह मोड़ की बजाय दुकान में घुस गया। पुलिस के अनुसार छगनलाल नायक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालाक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मामला विवेचना में लिया है।

### हंडिया शाखा नहर का ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन हंडिया शाखा नहर सोनम वाजपेयी ने बताया कि 17 नवम्बर से 48 घंटे की ओसरा बंदी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे से दूसरे दिन सुबह 8 बजे तक प्रत्येक सोमवार व मंगलवार 0 से 12.09 कि.मी. तक की सभी नहरें बंद रहेंगी। प्रत्येक बुधवार व गुरूवार 12.09 से 21.00 कि.मी. तक की सभी नहरें बंद रहेंगी। प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को 21 से 33 कि.मी. तक की सभी नहरें बंद रहेंगी तथा प्रत्येक रविवार को 33 से 55.50 कि.मी. तक नहरें बंद रहेंगी। उन्होने बताया कि 33 कि.मी. से शेष प्राप्त होने वाले पानी से लिफ्ट से सिंचाई होगी। कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी ने बताया कि 5 क्यूसेक से छोटी नहरें प्रथम, द्वितीय पानी में शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पंप नहीं चलावें। ट्रेक्टर चलित एवं 10 एच.पी. से अधिक क्षमता के पंप नहीं चलेंगे। डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन अथवा पंप बंद करने की कार्यवाही की जावेगी। पानी की आवक एवं आवश्यकता को देखते हुए बड़ी उपशाखाओं में ओसरा बंदी कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकेगा।

### सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत

**भैरूंदा।** भादाकुई–छिदगांव मोजी मार्ग पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। स्कूटी और खाली रेत के डंपर की तेज टक्कर में 32 वर्षीय युवक जितेंद्र मालवीय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी और गांव में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झाली (लाड़कुई) निवासी जितेंद्र पिता गेंदालाल मालवीय स्कूटी से भैरूंदा जा रहे थे। उसी दौरान सीहोर से लौट रहा खाली डंपर भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा था। अचानक स्कूटी डंपर के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक के सिर पर गंभीर चोट आ गई और अधिक रक्तस्त्राव के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही लाड़कुई चौकी प्रभारी राजकुमार यादव पुलिस बल के साथ तत्काल पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया और शव को 108 एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में शव देखते ही परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। कई ग्रामीण भी गम से अभिभूत नजर आए। थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह आयोजित

# जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा की पूरी व्यवस्था की गई: शाह






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय रहटगांव में आयोजित किया गया। अतिथियों ने भारत माता और बिरसा मुंडा के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ, टिमरनी नगर पालिका उपाध्यक्ष राजा कौशल, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू और जिला संयोजक रवि कनौजिया सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

### जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही

मुख्य अतिथि गजेंद्र शाह ने कहा कि शासन द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आदिवासी बच्चों के लिए हॉस्टल चलाए जा रहे हैं, जहां वे शहरी क्षेत्रों में रहकर अपना भविष्य उज्ज्वल कर रहे हैं। शाह ने आदिवासी समुदाय से अपने बच्चों को शिक्षित करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शाह ने आगे बताया कि जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्हें निशुल्क किताबें, गणवेश और साइकिलें प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, बच्चों को प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति भी दी जा रही है।

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

उन्होंने यह भी बताया कि संघ लोक सेवा आयोग और मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि मिलती है। जनजातीय युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए सहायता दी जा रही है। जयंती समारोह में एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया, साथ ही लोक नृत्य और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

## जिला अस्पताल में खुशियों की सौगात

# डॉक्टर्स व स्टाफ ने बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों के लिए शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न बीमारी से जूझ रहे इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव ने वार्ड के माहौल को खुशियों से भर दिया। सिविल सर्जन डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक एवं स्टाफ ने मिलकर बच्चों के लिए कई मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया। बच्चों ने सामूहिक रूप से केक काटकर बाल दिवस की खुशियां बांटी। पूरे वार्ड को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश रघुवंशी, डॉ प्रियंका छारी ने बताया कि आयोजन से बच्चों को उनकी तकलीफें भुलाने का मौका दिया गया। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, डॉ गंभीर पटेल, डॉ अशोक जाट, मैटर्न गीता वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर अनुग्रह मैथ्यू, पूजा नागले ने बच्चों के साथ गेम्स खेले और गीत, कहानियां आदि सुनाये, जिससे बच्चों को भावनात्मक संबल मिला। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अस्पताल में इलाज के दौरान भी बच्चों को सामान्य जीवन का अनुभव मिले। यह बाल दिवस समारोह उन्हें यह महसूस कराने के लिए आयोजित किया गया था कि वे अकेले नहीं हैं, हम सब उनके साथ हैं।

## कमिशनर ने नांदवा नल जल योजना की समीक्षा की

# बोरिंग के आसपास फेंसिंग कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार जिले के ग्राम नांदवा में चालू होने वाली नल जल योजना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को नल योजना के लिये स्टेण्ड पोस्ट खड़े करने तथा बोरिंग के आसपास फेंसिंग कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने ग्रामीणों से चर्चा कर नल जल योजना के तहत पाईप लाइन कार्यों तथा पानी के प्रेशर के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्राम सरपंच द्वारा बताया गया सभी इच्छुक हितग्राहियों को नल जल योजना के तहत कनेक्शन दिये जा चुके हैं। इस दौरान कमिश्नर श्री तिवारी हितग्राही विपता बाई और सुनिल पारे के घर जाकर नल जल योजना के संबंध में चर्चा की। इस दौरान हितग्राहियों ने बताया कि नल कनेक्शन मिलने से उन्होने गर्मी में पानी के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा अब उन्हें घर पर ही स्वच्छ पानी उपलब्ध हो जायेगा। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर, सरपंच रामस्वरूप उइके, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बी.आर. उइके, एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## साध्वियों का छीपाबड़ से मांदला के लिए विहार हुआ

# छीपाबड़ से रामचंद्र आमे के निवास मुहालकला पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



शनिवार को सुबह लगभग सात बजे साध्वी प्रज्ञा श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 गंगाबिशन जरखडिया के निवास गांधी चौक छीपाबड़ से लगभग 8 किलोमीटर का विहार कर रामचंद्र आमें के निवास मुहालकला पहुंचे। वहां प्रार्थना पश्चात श्री प्रेक्षा श्रीजी महाराज द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से मेडिटेशन कराया गया।

तत्पश्चात लगभग 4 बजे महाराज साहब विहार कर ग्राम मांदला मे शिवनारायण सारन के निवास पर रात्रि विश्राम के लिए रूकना हुआ ।इसके पूर्व गंगा बिशन जरखरडिया का उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए श्री श्वेताम्बर श्री संघ खिरकिया द्वारा माला एवं उपहार प्रदान कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मांदला में दर्शन सानिध्य का लाभ राजेश सांखला एवं परिवार द्वारा (धमतरी छत्तीसगढ़) इस अवसर पर कालधड़, पिपल्या,मुहाल,हरदा,धमतरी,खिरकिया आदि के श्रावक- श्राविकाएं एवं श्रद्धाशील गुरुभक्त उपस्थित थे। रविवार को मांदला वारंगी,कांकरिया होते हुए रात्रि विश्राम मसनगांव की संभावना रहेगी।

## वनपाल के खिलाफ मामला, गिरफ्तार

# महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया

**हरदा।** महिला थाने में एक महिला ने वन विभाग के एक वनपाल के खिलाफ दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि आरोपी वनपाल नितिन ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए, जबकि वह पहले से शादीशुदा था। पीड़िता का आरोपी से एक ढाई साल का बेटा भी है। पुलिस ने आरोपी वनपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निकिता विल्सन ने बताया कि पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी वनपाल नितिन का उसके घर आना-जाना था, जहां उसकी मां का घर भी था। वर्ष 2020 में पीड़िता के पिता और बड़े भाई के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। इसी दौरान नितिन ने शादी का झांसा देकर महिला से शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए।

### मंदिर में की शादी

जब पीड़िता ने नितिन पर शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी उसे मैहर के एक मंदिर में ले गया और कथित तौर पर शादी कर ली। इसके बाद पीड़िता नितिन का उपनाम (सरनेम) लगाने लगी थी। पीड़िता को वर्ष 2023 में पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पीड़िता का आरोपी से एक ढाई साल का बेटा भी है। पीड़िता ने बताया कि 14 जून 2024 को आरोपी ने उसकी नानी के मकान में उसके साथ संबंध बनाए थे। पीड़िता के अनुसार, आरोपी अब उनकी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर रहा है और बेटे को अपना मानने से भी मना कर रहा है। हाल ही में, आरोपी ने उसे अपने सरकारी क्वार्टर पर बच्चे को डॉक्टर को दिखाने के बहाने बुलाया था। वहां उसने कहा कि अब उनका कोई संबंध नहीं है और वह उसका खर्चा नहीं उठाएगा। इसके बाद महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। टीआई विल्सन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# एम्बुलेंस- में 72 पेटी शराब से हडकंप मचा तस्करी से जुड़े लोगों की गतिविधियां बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या







स्वास्थ्य-सेवा के लिए अतिमहत्वपूर्ण 108 एम्बुलेंस-वाहन में मिली 72 पेटी शराब ने सरकार की महत्वाकांक्षी-योजना पर पानी फेर दिया है।

इस घटनाक्रम के उजागर होते ही समूची-एम्बुलेंन्स-सेवा और स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। इससे सर्वत्र हडकंप मचा हुआ है। सायरन की गूंज के साथ सड़कों पर फर्राटे के साथ दौड़ने वाली एम्बुलेंस-वाहन को न कोई चेकिंग की आशंका और न ही किसी कार्रवाई का डर होता है। ऐसे में शराब-तस्करी के इस दुस्साहस-पूर्ण तरीके ने आबकारी,पुलिस और स्वास्थ्य-विभाग के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है। जिसमें ना कोई मरीज था और ना ही स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कोई आवश्यक उपकरण आदि। पुलिस ने जब यह नजारा देखा तो उनकी भी आँखे भी विश्वास नहीं कर पा रही थी। इस दौरान एम्बुलेंस-वाहन बैरिकेड्स तोड़कर अचानक तेज गति से दौड़ी तो पुलिस को भी कुछ समझ में नहीं आया। वह कुछ दूरी पर रुकी और भापसी गाँव की तरफ खेतों की ओर भाग गया। आनन-फानन में पुलिस वाहन के पास पहुंची तो अचानक उसके पिछले दरवाजे खुल गए। जिसमें 52 पेटी शराब बरामद की गई,जिसमें 35 पेटी गोवा व्हिस्की,15 पेटी बीयर और दो पेटी बॉम्बे व्हिस्की शराब है। इसका बाजार मूल्य रु. 2 लाख 82 हजार 500 रुपए है।

## एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की

# सोने चांदी के गहने व तीस हजार चुराने वाले गिरफ्तार



**सीहोर।** खिड़की से घर के अंदर घुस कर अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने और तीस हजार रुपए नकद चोरी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गया सामान जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार फरियादी सोनू वर्मा पिता देवकरण वर्मा निवासी ग्राम मुस्करा ने 28 जून को मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर के सारे लोग जब अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तभी रात में एक से तीन बजे के बीच किचिन में लगी खिडकी की रोड निकालकर अज्ञात चोर खिडकी के रास्ते से घर में अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे सोने चांदी के जेवर, एक सुई धागा, एक छोटी लोंग, दो जोडी चांदी की पायल, एक जोड सोने की झुमकी, एक सोने के हार, दो सोने के मंलगसूत्र के पेंडल, तीन जोडी चांदी की बिछिया, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का रानी हार, दो चांदी की चूडी और 30 हजार रुपए केश चोरी कर ले गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी मंडी सुनील मेहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एक दुबला पतला व्यक्ति चेहरा लंबा हुलखेडी गांव के बाहर यात्री प्रतीक्षालय के पास बीडी पीता हुए मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बाबलाल पिता प्रभुलाल मोंगिया, उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम हुलखेडी बताया। उसने अपने गांव के अन्य साथियों के साथ मिल कर 28 जून की रात में पावर्ती नदी के आगे हाईवे रोड के पास वाले गांव के एक पक्के मकान में पीछे से खिड़की तोड़ कर चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि उसके साथ उसके गांव के शालू सिसोदिया, कल्लू सिसोदिया, काला उर्फ अर्जुन, जितेंद्र औ राजकुमार सिसोदिया भी शामिल होना बताया। बाबूलाल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उक्त नामजद चोरों की तलाश की, आरोपी शालू पिता चैन सिंह सिसोदिया 35 हुलखेडी ,कल्लू सिसोदिया पिता भारत सिंह सिसोदिया 43 हुलखेड़ी बोडा ,जितेन्द्र पिता बद्रीनाथ सांसी 30 हुलखेड़ी बोडा, राजकुमार पिता कुमेर सिंह सांसी 45 हुलखेड़ी बोडा, अर्जुन उर्फ कालू पिता नसरुद्दीन 21 हुलखेड़ी बोडा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिनके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया।

## भाजपा नगर मंडल ने बिहार जीत का जश्न मनाया, जमकर थिरके कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को जमकर जीत का जश्न मनाया। बिहार में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ता और नेतागण बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय पर एकजुट हुए। यहां ढोल की थाप पर थिरकते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। शुक्रवार दोपहर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की कार्यालय पर जमकर भीड़ उमड़ी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा पर पुष्प वर्षा कर मुंह मीठा कराया। कार्यालय के बाहर भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण किया। यहां ढोल की थाप पर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जमकर थिरके। बधाई के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहाकि बिहार में एनडीए की सरकार में पिछले 20 वर्षों से जो सुशासन का राज रहा और जो वहां विकास की गंगा बही है, उससे वहां के लोगों का भरोसा बीजेपी और एनडीए पर बढ़ा है।